# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी परीक्षा मामले में कहा– कोई प्रणालीगत चूक न मिलने के कारण रद्द नहीं की गई परीक्षा। इसरो के पूर्व प्रमुख की अध्यक्षता में बनी समिति तीस सितंबर तक देगी रिपोर्ट।
- गोरखपुर मंडल में बीते सात वर्षों में सात गुना हुयीं एमबीबीएस की सीटें। इस साल मंडल में एमबीबीएस की तीन सौ नई सीटों सहित कुल छः सौ पचपहत्तर सीटों पर होगा प्रवेश।
- प्रदेश में बाढ़ से फसल नुकसान पर सवा लाख से अधिक किसानों को मिला इकहत्तर करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा। लखीमपुर खीरी को सर्वाधिक सैंतालीस करोड़ रुपये का किया गया भुगतान।
- पेरिस ओलम्पिक में भारतीय हॉकी टीम ने किया शानदार प्रदर्शन। आस्ट्रेलिया को तीन–दो से हराया।

**********

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीट यूजी दो हजार चौबीस परीक्षा को इसलिये रद्द नहीं किया गया, क्योंकि इसकी शुचिता में कोई प्रणालीगत चूक नहीं पाई गई। पेपर लीक सिर्फ पटना और हजारीबाग तक सीमित था। मुख्य न्यायाधीश डी0वाई0 चन्द्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तेइस जुलाई को सुनाये गये आदेश में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए को अपना ढुलमुल रवैया बंद करना चाहिये, क्योंकि यह छात्रों के हितों में नहीं हैं। पीठ ने कई निर्देश जारी किये। साथ ही एनटीए के कामकाज की समीक्षा करने और परीक्षा सुधारों की सिफारिश करने के लिये इसरो के प्रमुख के0 राधाकृष्णन की अध्यक्षता में केन्द्र द्वारा बनाई गई समिति के दायरे का विस्तार किया। इसमें कहा गया कि समिति का दायरा बढ़ा है, इसलिये समिति परीक्षा प्रणाली में कमियों को दूर करने के लिये विभिन्न उपायों पर अपनी रिपोर्ट तीस सितम्बर तक प्रस्तुत करें। पीठ ने कहा कि राधाकृष्णन समिति परीक्षा प्रणाली मजबूत करने के मद्देनजर उन्नति प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिये मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर विचार करे। पीठ ने कहा कि अगर किसी शिकायत का निवारण सुप्रीम कोर्ट के फैसले से नहीं हुआ है, तो वह अब हाईकोर्ट जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नीट–यूजी परीक्षा में शुचिता का कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं होने और इसलिए दोबारा परीक्षा नहीं होने पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी सरकार के रुख की पुष्टि करती है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि सरकार छेड़छाड़ मुक्त, पारदर्शी और शून्य–त्रुटि परीक्षा प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि सरकार विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को प्रस्तुत किए जाने के बाद जल्द से जल्द लागू करेगी।

**********

गोरखपुर मंडल में बीते सात वर्ष में एमबीबीएस की करीब सात गुना सीटें बढ़ गई हैं। इस साल गोरखपुर मंडल में एमबीबीएस की 300 नई सीटों पर प्रवेश होगा और एमबीबीएस की 675 सीटों पर पढ़ाई शुरू होगी। कभी एक मेडिकल कॉलेज वाले इस मंडल के चार जिलों में आज पांच मेडिकल कॉलेज और एक एम्स है। लंबे समय तक यहां सिर्फ बीआरडी मेडिकल कॉलेज में ही एमबीबीएस की सौ सीटों पर पढ़ाई होती थी। इसमें 125 सीटों की वृद्धि गोरखपुर में एम्स खुलने के साथ और 100 सीटों की वृद्धि देवरिया में महर्षि देवरहा बाबा राज्य स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज की स्थापना से हुयी। मंडल में इस साल से तीन नए मेडिकल कॉलेजों में कुल 300 एमबीबीएस की सीटों पर प्रवेश के साथ ही पढ़ाई शुरू होने जा रही है। इनमें कुशीनगर में राज्य स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज को 100 सीटें, महराजगंज में पीपीपी मॉडल पर संचालित केएमसी मेडिकल कॉलेज को 150 सीटों और श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को एमबीबीएस की 50 सीटों के लिए मान्यता नेशनल मेडिकल कमीशन से प्राप्त हो चुकी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पचपन करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर वह स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण अभियान के तहत एमबीबीएस और पैरामेडिकल छात्रों को चार सौ तिरासी टैबलेट और स्मार्टफोन का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री के हाथों जिन प्रमुख सुविधाओं का शुभारंभ होगा, उनमें सीटी स्कैन मशीन और लिथोट्रिप्सी मशीन का लोकार्पण प्रमुख है। इसके अलावा मुख्यमंत्री, जेनेटिक मेडिसिन और पीडियाट्रिक्स आर्थोपेडिक्स ओपीडी तथा मिल्क बैंक का भी शुभारंभ करेंगे।

**********

अयोध्या के भदरसा में एक नाबालिक बच्ची से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में सम्बन्धित थाने पूराकलंदर के अध्यक्ष और भदरसा चौकी इंचार्ज को निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही आरोपी के

खिलाफ जांच शुरू कर दी गयी है। उधर, इस मामले में पीड़िता की मां ने कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़िता के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किये जाएं।

**********

बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार ने अब तक एक सौ पचास करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि जारी की है। यह धनराशि क्षतिग्रस्त फसलों को मुआवजा देने के लिए जिलों की डिमांड पर जारी की गई है। इसके साथ ही अब तक सवा लाख से अधिक किसानों को उनकी क्षतिग्रस्त फसलों के लिए इकहत्तर करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के सत्तर हजार से अधिक किसानों को सैंतालीस करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। राहत आयुक्त जी एस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ ग्रस्त इलाकों में लगातार क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे किया जा रहा है, ताकि किसानों को समय से मुआवजा दिया जा सके। लखीमपुर के अलावा सिद्धार्थनगर के पन्द्रह हजार चार सौ अठहत्तर किसानों को सात करोड़ सत्तर लाख रुपये और हरदोई के चौदह हजार छः सौ तिहत्तर किसानों को पांच करोड़ बयालीस लाख रुपए का मुआवजा दिया जा चुका है।

**********

वर्षा और विभिन्न बैराजों से छोड़े जा रहे पानी के कारण प्रदेश की कई नदियों के जलस्तर बढ़ने की खबर है। उत्तराखण्ड में बादल फटने की घटना के बाद हरिद्वार और बिजनौर बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं में कछला गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। प्रशासन ने इसे लेकर हाई अलर्ट जारी करते हुए सतर्कता बरतने का दिशा–निर्देश दिया है।

उधर, प्रदेश के कई जिलों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी रहने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों में बाराबंकी, सीतापुर, बहराइच, गोण्डा, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, गोरखपुर और महराजगंज जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में तेज हवा के साथ गरज–चमक के बीच वर्षा होने का पूर्वानुमान जताया है।

**********

पेरिस ओलिम्पिक में कल भारतीय हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ंअस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज की। भारत ने आस्ट्रेलिया को तीन–दो से हरा दिया। पहला गोल अभिषेक ने किया जबकि दूसरा और तीसरा गोल हरमनप्रीत सिंह ने किया। भारत पहले ही क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है। ओलम्पिक हॉकी में उन्नीस सौ बहत्तर के बाद भारत ने पहली बार आस्ट्रेलिया को हराया है।

**********

लखनऊ मेल स्वतंत्रता दिवस से चारबाग रेलवे स्टेशन से चलने लगेगी। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से इसका संचालन आदेश जारी कर दिया गया है। पन्द्रह अगस्त को पहली बार छह साल बाद यात्रियों को लेकर ट्रेन चारबाग स्टेशन से नई दिल्ली के लिये रवाना होगी। अभी तक यह ट्रेन लखनऊ जंक्शन से प्रतिदिन रात दस बजे दिल्ली रवाना होती थी।

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में सावन के महीने में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सुबह से ही शिव मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो रहा है। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर लोक मंगल की कामना कर रहे हैं। कल सावन मास की शिवरात्रि पर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शिव मंदिरों में उमड़ी। वाराणसी, गाजियाबाद, बाराबंकी, बदायूं, मेरठ, बस्ती, अमरोहा, बागपत, गोरखपुर और जौनपुर सहित प्रदेश के शिवालयों में कपाट खुलते ही भगवान विश्वनाथ की आरती के बाद पूजा–अर्चना हुई और जलाभिषेक प्रारंभ हो गया। मंदिरों में दिनभर हर–हर महादेव का जयघोष गूंजा। वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली। मंदिर प्रशासन के मुताबिक लगभग डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगायी। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देश पर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा का सिलसिला जारी है। कल मेरठ और बागपत में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई।

**********